अमर उजाला 30/11/2024

नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन

अंबाला। छावनी के गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में महिलाओं के खिलाफ हिंसा और बाल विवाह के उन्मूलन पर नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों के बीच जागरूकता बढ़ाना और उन्हें समाज के इन गंभीर मुद्दों को समझने और समाधान के प्रति प्रेरित करना था। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने नारों के माध्यम से अपने विचार प्रस्तुत किए। प्राचार्य डॉ रोहित दत्त ने बताया कि महिलाओं के खिलाफ हिंसा और बाल विवाह जैसे मुद्दे केवल व्यक्तिगत नहीं बल्कि सामाजिक और राष्ट्रीय विकास के लिए भी बाधा हैं। संवाद